राष्ट्रीय साप्ताहिक समाचारपत्र

# पावन संसार

सच का आगाज़

संस्थापक : श्री संतोष कुमार RNI No. DELHIN/2011/40220 Postal No. G-3/DL(N)/267/2024-26 Date of Publication:- 18-09-2025

E-mail : paavansansar@gmail.com | paavansansar@yahoo.com www.paavansansar.com

वर्ष 15, अंक 05 नई दिल्ली, 18 से 24 सितम्बर 2025, संपादक - वीरेन्द्र कुमार अग्रवाल - 09811288839, सह संपादक - आर.पी. चौहान - 9213513590, कुल पृष्ठ संख्या-8 ₹ 5








राष्ट्रीय साप्ताहिक समाचारपत्र

# पावन संसार

सच का आगाज़

संस्थापक : श्री संतोष कुमार RNI No. DELHIN/2011/40220 Postal No. G-3/DL(N)/267/2024-26 Date of Publication:- 18-09-2025

E-mail : paavansansar@gmail.com | paavansansar@yahoo.com www.paavansansar.com








वर्ष 15, अंक 05 नई दिल्ली, 18 से 24 सितम्बर 2025, संपादक - वीरेन्द्र कुमार अग्रवाल - 09811288839, सह संपादक - आर.पी. चौहान - 9213513590, कुल पृष्ठ संख्या-8 ₹ 5






Rohini Suzuki (Authorised Dealer) | ROHINI 7042113500 | BUDH VIHAR 7042118900 | MANGOL PURI 7042118300


## अशोक विहार में सफाईकर्मी की मौत मामले में ठेकेदार से पूछताछ जारी, कंपनी के मालिक से भी होंगे सवाल-जवाब

**अशोक विहार (सं.)।** अशोक विहार फेज-2 में सीवर लाइन में सफाई के दौरान दम घुटने से एक सफाईकर्मी की मौत मामले में पुलिस संबंधित कंपनी के ठेकेदार से पूछताछ कर रही है। वहीं, पुलिस सूत्रों का कहना है कि पुलिस कंपनी के मालिक को जांच में शामिल होने के लिए बुला सकती है।



वहीं, इस मामले में बेहोशी की हालत में दीपचंद बंधू अस्पताल में भर्ती तीन सफाईकर्मियों में से दो की हालत में सुधार उन्हें के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। वहीं, एक सफाईकर्मी का इलाज जारी है।

अशोक विहार पुलिस ने इस मामले में बीएनएस की धारा 106(1) (लापरवाही से मौत), 289 (मानव जीवन को खतरे में डालना) 337 (सबूत के साथ छेड़छाड़) के अलावा मैनुअल स्कैवेंजर प्रतिषेध अधिनियम 2013 की धारा 7 और 9 के तहत मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

गौरतलब है कि 16 नवंबर की रात करीब 11रू36 बजे अशोक विहार फेज-2 स्थित हरिहर अपार्टमेंट के पास सीवर सफाई के दौरान चार सफाईकर्मी सीवर में ही फंस गए। यहां से गुजर रहे एक डिलीवरी ब्वाय ने इन्हें सीवर लाइन से बाहर निकाला। फिर इन्हें आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां सफाईकर्मी अरविंद को मृत घोषित कर दिया गया।

बृजगोपाल कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रबंधक व अन्य कर्मचारियों से पुलिस पूछताछ चल रही है। पुलिस जांच में पता चला कि पिछले कई दिनों से इलाके में सीवर सफाई का काम चल रहा था। मृतक अरविंद उत्तर प्रदेश के जिला कासगंज के गांव जखेरा का रहने वाला था।

जांच के दौरान यह भी पता चला कि सभी सफाईकर्मी बिना सेफ्टी उपकरण के ही सीवर लाइन में उतरे थे। हादसे के समय कंपनी के कई कर्मचारी मौजूद थे, लेकिन इन्हें किसी ने बचाने की हिम्मत नहीं जुटाई।

## पालना घर की कार्यकर्ता कहलाएंगी 'मौसी', बच्चों को मिलेगा मां जैसा स्नेह

### दिल्ली में 502 क्रेच केंद्रों का शुभारंभ


**नई दिल्ली (सं.)।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने सेवा पखवाड़े के तहत दिल्ली के न्यू अशोक नगर के निगम विद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, सीएम रेखा गुप्ता ने 502 पालना घर सह क्रेच केंद्रों का वर्चुअल शुभारंभ किया। स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया गया। प्रदर्शनी में बाजरा और पोषण व शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रदर्शनी में वोकल फार लोकल भी देखने को मिला।

मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आंगनवाड़ी सह क्रेच केंद्र कामकाजी महिलाओं के लिए बड़ा सहारा हैं। यहां बच्चों को पौष्टिक आहार, खिलौनों और विविध गतिविधियों के माध्यम से बेहतर देखभाल और सीखने का अवसर मिलेगा। मंत्री ने आंगनवाड़ी और क्रेच कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वह यहां आने वाले बच्चों को अपने स्नेह और जिम्मेदारी के साथ संभालें, क्योंकि मां अपने बच्चों को उनके पास विश्वास के साथ छोड़ती हैं। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में 502 केंद्र मातृशक्ति और बाल सुरक्षा को समर्पित एक ऐतिहासिक कदम है।

कामकाजी और मजदूर वर्ग की महिलाओं को यह सहारा देंगे, जिसकी उन्हें सबसे अधिक आवश्यकता है। यहां बच्चों को पौष्टिक भोजन, देखभाल और शिक्षा की सुविधा मिलेगी। सीएम ने दावा किया कि दिल्ली सरकार इस पहल को माडल के रूप में पूरे देश के सामने प्रस्तुत करेगी। पालना-आंगनवाड़ी को बच्चों की देखभाल का वन-स्टाप सेंटर बनाकर दिखाएगी। आंगनवाड़ी और क्रेच कार्यकर्ताओं को 'मौसी' कहा जाएगा।

मौसी का अर्थ है मां जैसा प्यार देने वाली महिला। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी बच्चा असुरक्षित न रहे और हर मां अपने रोजगार व जिम्मेदारियों को बिना किसी फिक्र के निभा सके। महिलाओं के लिए स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने की घोषणा की और कहा कि सरकार बिना गारंटी 10 करोड़ रुपये तक का एमएसएमई लोन उपलब्ध कराएगी।

**छह माह से छह वर्ष तक के बच्चों को क्रेच में रखा जाएगा** - आंगनवाड़ी सह क्रेच केंद्रों में 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को देखभाल के लिए रखा जाएगा। सुरक्षाकर्मी भी होंगे सीसीटीवी कैमरे भी लगे होंगे। सरकार खुद इसपर नजर रखेगी।



## राजधानी में अगले वर्ष तक सभी सार्वजनिक वाहन होंगे इलेक्ट्रिक, नई ईवी नीति के तहत सीएम रेखा गुप्ता का एलान

**नई दिल्ली (सं.)।** दिल्ली में प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए सरकार नई ईवी नीति ला रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अगले वर्ष तक सभी सार्वजनिक वाहन इलेक्ट्रिक हो जाएंगे।

मंडपम में सेफ सम्मेलन और एसआईएएम की ग्रीन प्लेट ईवी रैली में उन्होंने कहा कि सरकार आदर्श ईवी नीति पर कार्य कर रही है ताकि दिल्ली की वायु गुणवत्ता सुधरे। प्रयास है कि हर तीसरा वाहन इलेक्ट्रिक हो। यह पहल न केवल प्रदूषण को घटाएगी बल्कि नागरिकों के जीवन को सुरक्षित बनाएगी।

मुख्यमंत्री ने ईवी रैली की शुरूआत की और लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं के लिए वाहन नहीं, बल्कि चालक जिम्मेदार होते हैं। नियमों का पालन करना सरकार नही, स्वयं की सुरक्षा के लिए जरूरी है।


उल्लेखनीय है कि दिल्ली की पहली ईवी नीति 2020 में लागू हुई थी, जिसे 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया है। उससे पहले नई नीति आने की संभावना है।







# क्यों बढ़ती जा रही है बाल झड़ने की समस्या



इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि बाल गिरने की समस्या लम्बे समय से चली आ रही है और अक्सर लोग इसे लेकर चिंतित हैं। यह समस्या सिर्फ भारत में ही नहीं अपितु पूरे विश्वभर के लोग इस समस्या से परेशान हैं। समय-समय पर इस बारे में शोध भी होते रहे हैं। विशेषज्ञ यह जानने की कोशिश में लगे रहते हैं कि इसका कारण क्या है व इससे कैसे बचा जा सकता है।

आहार विशेषज्ञ सुश्री शिखा शर्मा के अनुसार आपकी दिनचर्या, खुराक, स्वभाव इत्यादि बातें भी इसका कारण हो सकती हैं। पानी व भोजन में पाए जाने वाले विषैले तत्वों की वजह से यह समस्या उत्पन्न हो सकती है। इसकी वजह कोई शारीरिक या मानसिक बीमारी भी हो सकती है। दिनभर की थकान व तनाव, किसी किस्म का भय, चिंता, गुस्सा व कोई परेशानी होने पर भी बाल गिरने की समस्या पैदा होने का अंदेशा रहता है।

अगर आप पोषक आहार बहुत कम मात्रा में लेते हैं तो भी बाल झड़ने में इज़ाफा हो सकता है या हारमोन्स की गड़बड़ी इसका कारण हो सकती है। बालों को अच्छा लुक देने के लिए अलग-अलग तरह के हेयर कलर्स का प्रयोग, हेयर ट्रीटमेंट इत्यादि से भी बाल गिरने में बढ़ोत्तरी होती है।

पोषक तत्वों की कमी बाल गिरने का सबसे बड़ा कारण है। जब शरीर को पर्याप्त मात्रा में विटामिन, खनिज व प्रोटीन प्राप्त नहीं होते तो यह बालों की मुख्य बनावट पर सीधा असर डालते हैं।

विटामिन ए बालों को मजबूत बनाने हेतु और दो-मुंहे बालों के लिए, विटामिन ई बालों को मुलायम बनाने हेतु, जिंक बालों को घना करने हेतु व प्रोटीन बालों की जड़ें मजबूत करने हेतु सिलिकॉन बालों की दीर्घायु के लिए जरूरी है।

शरीर में पोषक तत्वों की कमी के दो कारण हैं-पहला संतुलित आहार का सेवन न करना, दूसरा- सेहतमंद भोजन न खाना। पौष्टिक भोजन न खाने की वजह से हमारे शरीर के पाचन तंत्र पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है जिससे बालों के गिरने की समस्या में लगातार बढ़ोत्तरी होती जाती है। बहुत-से लोगों की धारणा होती है कि प्रोटीन सिर्फ मांसाहार में ही मिलते हैं जो बालों में चमक लाने में सहायक होते हैं पर यह धारणा एकदम गलत है। अंकुरित अनाज में पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन होता है, जो बालों के लिए बेहतर है।

अध्ययन से पता चलता है कि हमारे वातावरण में रासायनिक प्रदूषण का बढ़ता स्तर पौधों, पशुओं व व्यक्तियों पर बहुत बुरा असर डालता है जिसके परिणामस्वरूप लोगों में बाल गिरने की समस्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है।

आज की मशीनी जिंदगी से प्रत्येक इंसान तनाव से घिरा रहता है जिससे अनेक बीमारियां उत्पन्न होती हैं। तनाव से संबंधित दो अवस्थाएं बाल गिरने के लिए जिम्मेदार हैं और वे हैं-डर व चिंता तथा क्रोध व निराशा।

जब हम भय का अनुभव करते हैं या हमारे अंदर चिड़चिड़ापन होता है तो बालों की जड़ों तक रक्त की आपूर्ति नहीं हो पाती जिसका अभिप्राय यह है कि ऑक्सीजन या आवश्यक पोषक तत्व बालों की जड़ों तक नहीं पहुंच पाते। इसी प्रकार यदि हम क्रोध में या फिर निराशा से घिरे हुए हैं तो बालों की जड़ें बहुत शुष्क हो जाती हैं और पोषक तत्वों का असंतुलन हो जाता है और बाल गिरने लगते हैं।

इस समस्या से निजात पाना चाहती हैं तो इन सभी बातों पर गौर कीजिए। साथ ही हेयर कलर या बालों संबंधी कोई ट्रीटमेंट लेने से पूर्व हेयर स्पेशिलस्ट से सलाह अवश्य लें। बालों को बहुत ज्यादा कसकर न बांधें। ऐसे हेयर स्टाइल बनाने से बचें जिनमें हेयर पिनों का ज्यादा प्रयोग हो। हेयर कलर चुनने से पूर्व यह भी देख लें कि कहीं वे अधिक कैमिकलयुक्त तो नहीं।

– भाषणा बांसल

# टमाटर में है सेहत का खजाना



टमाटर से तो सभी वाकिफ हैं। हर घर में इसका प्रयोग प्रचुर मात्रा में किया जाता है क्योंकि टमाटर अधिकतर भारतीय शाक सब्जी में प्रयोग में लाया जाता है। अधिकांश लोग इसका लाभ केवल सब्जी का स्वाद बढ़ाने और सलाद का रंग रूप बढ़ाने के लिए जानते हैं। उन्हें यह जानकारी नहीं कि टमाटर हमारी सेहत के लिए कितना महत्त्वपूर्ण है।

टमाटर में प्रोटीन, विटामिन और वसा होता है पर कार्बोहाइड्रेट कम होते हैं। दिन भर में एक टमाटर खाने से आपके शरीर को कई फायदे होते हैं। तो आइये एक नजर टमाटर के लाभों पर डालें :-

– टमाटर का नियमित सेवन करने से शरीर में रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ती है।

– टमाटर हमारी पाचन शक्ति को दुरूस्त रखता है।

– डायबिटिज और हृदय रोगियों के लिए उत्तम है। कच्चे टमाटर का सेवन करना।

– कफ में भी टमाटर का सेवन लाभप्रद होता है।

– टमाटर के गूदे में कच्चा दूध और कुछ बूंदें नींबू की मिलाकर चेहरे पर लगाने से चेहरे में रौनक आती है।

– टमाटर में साइट्रिक और मेलिक एसिड पाये जाते हैं जो प्रभावी एंटासिड हैं।

– पौरूष शक्ति बढ़ाने के लिए खाना खाने से पूर्व दो या तीन पके टमाटर काली मिर्च और सेंधा नमक लगा कर खाने से लाभ मिलता है।

– कब्ज होने पर प्रतिदिन कच्चा टमाटर सेंधा नमक के साथ लें।

– अगर त्वचा पर टैनिंग हो गई हो तो टमाटर को उस स्थान पर लगातार कई दिन तक हल्के हाथों से रगड़ें। टैनिंग धीरे-धीरे हट जाएगी।

– पेट के कीड़ों को दूर करने के लिए प्रातः खाली पेट टमाटर पर पिसी काली मिर्च लगाकर खाने से लाभ होता है।

– टमाटर के नियमित सेवन से आंख और पेशाब संबंधी बीमारी में भी लाभ होता है।

– प्रातः नियमित रूप से दांत साफ किए बिना एक टमाटर का सेवन करें शरीर को बहुत लाभ मिलेंगे।

जिन लोगों को पथरी हो उन्हें कच्चे टमाटर का सेवन नहीं करना चाहिए विशेषकर बीज वाला भाग।

– सुनीता गाबा

# यंग और क्यूट दिखने के लिए



**आर.पी. चौहान**
**सह-संपादक**

यंग और क्यूट दिखना तो सभी को पसन्द है। विशेषकर युवतियों की तो यह पहली पसन्द है। एक उम्र तक तो आप यंग और क्यूट दिख सकते हैं पर उसके बाद सुन्दर और जवां दिखने के लिए व्यायाम और उचित खानपान का सहारा लेना पड़ता है। यदि आप भी यंग और क्यूट दिखना चाहती हैं तो ध्यान दें उचित डाइट और अपनी जीवनशैली पर।

– सुबह जल्दी उठें और सैर पर जाएं। सुबह की ताजी हवा त्वचा में ताजगी भर देती है। सैर जाने से पहले नींबू पानी शहद के साथ लें। शहद दिन भर एनर्जी देता है। नींबू पानी स्लिम रहने में मदद भी करता है।

– यदि आप चाय की शौकीन हैं तो कम चीनी और कम दूध वाली चाय लें। चाय के साथ एक-दो बिस्किट कम चीनी और घी वाले लें। लेमन टी लें तो सबसे अच्छा है।

–यदि आप चाय नहीं लेते तो एक सेब या एक केला ले लें।

– ब्रेकफास्ट अवश्य करें। ब्रेकफास्ट में मीठा दलिया, नमकीन दलिया, जूस, दूध, कार्नफ्लेक्स, अंडा-ब्रेड, जो अच्छा लगे लें। अंडा उबालकर ब्रेड गर्म कर सैंडविच बना कर लें। इसमें कैलोरीज भी कम मिलेंगी। और एनर्जी पूरी मिलेगी।

– बारह-साढ़े बारह बजे अंकुरित दाल एक कटोरी, उसमें खीरा, प्याज, टमाटर, गाजर, मूली मौसमानुसार डाल लें। कभी कभी फ्रूट बारीक कटा हुआ एक कटोरी दही में मिक्स करके भी ले सकते हैं। ध्यान दें दूध और दही कम फैट वाला हो।

– लंच टाइम में पूरा खाना लें। शाकाहारी लोग 2 चपाती, एक कटोरी दाल, थोड़ी हरी सब्जी और एक कटोरी दही लंच में लें। यदि आप चावल की शौकीन हैं तो एक कटोरी चावल उबले हुए लें। चपाती चोकर युक्त आटे वाली बिना घी के लें।

– शाम के समय फैटलेस नमकीन आधी कटोरी एक कप चाय के साथ लें। चाहें तो नमकीन के स्थान पर दो छोटे बिस्किट भी ले सकती हैं।

– रात्रि खाने से पूर्व ताजी हरी सब्जियों का सूप एक बाउल लें। खाने में सलाद, सब्जी, दाल ले सकती हैं। बदलाव के लिए सूप के साथ दो ब्रेड स्लाइस रोस्ट सेंक कर ले सकती हैं। कभी-कभी रात्रि के समय सब्जियों से भरा पुलाव दही और पुदीना चटनी के साथ ले सकती हैं या सब्जियों से भरपूर दाल चावल की खिचड़ी भी खा सकते हैं।

– रात को सोते समय बिना चीनी का कम फैट वाला एक कप गर्म दूध लें। इससे नींद भी अच्छी आएगी।

– इसके अतिरिक्त सीढ़ियां चढ़कर अपने फ्लोर पर जाएं। यदि नौकरी करते हैं तो ऑफिस में भी एलीवेटर कर प्रयोग न कर सीढ़ी का प्रयोग करें। पार्टी वगैरह पर जाने से पहले सलाद फिलर के रूप में लेकर जाएं ताकि पार्टी का भारी खाना कम खा पाएं।

चेहरे और त्वचा की सुन्दरता के लिए अच्छी संतुलित डाइट लेना अति आवश्यक है। ब्रेड, कोल्डड्रिंक्स, फास्ट फूड, जंक फूड, फ्राइड फूड का सेवन कम से कम करें। खाना ठीक समय पर लें। सैर करना मुश्किल हो तो घर पर आधा घंटा व्यायाम अवश्य करें। इन सब बातों का ध्यान रख कर आप अधिक से अधिक समय तक यंग और क्यूट बनी रह सकती हैं।

# सावधान! फलों-सब्जियों में रिस रहा है जहर

वर्तमान में हो रहे जहरीले रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से भूमि, जहरीली और बंजर होती जा रही है जिसके परिणामस्वरूप भूमि के जहरीले होने का प्रभाव उत्पादित सब्जियों एवं खाद्यान्नों पर भी हो रहा है और हरी साग सब्जियों के जहरीले होने का दूसरा कारण कीटनाशकों का अतिशय प्रयोग भी है। कीटनाशक जो जहर है, सब्जियों की पत्तियों व जड़ों से धीरे-धीरे रिसकर सब्जियों में उतर जाता है। इस प्रकार सब्जियां जहरीली हो जाती हैं। यदि कीटनाशक छिड़कने के तीन दिन के भीतर हरी सब्जी खा ली जाए तो इसके परिणाम काफी खतरनाक होते हैं।

वैज्ञानिक सर्वेक्षणों से यह स्पष्ट हो गया है कि भारतीयों के शरीर में डी.डी.टी. (कीटनाशक) की सर्वाधिक मात्रा पाई जाती है। इन सर्वेक्षणों के दौरान यह भी पता चला है कि अनेक प्रकार की सब्जियों, फलों और फसलों में डी.डी.टी. तथा अन्य कीटनाशकों की काफी मात्रा पाई जाती है। कीटनाशक दवाओं के प्रचुर प्रयोग में फलों और सब्जियों के मूलभूत तत्वों को नष्ट कर दिया है।

संकरित साग-सब्जियां एवं कीटनाशकों के अधिक प्रयोग वाली सब्जियां स्वादहीन होती जा रही है। रासायनिक कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग ने जल, मृदा, वायु प्रदूषण बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। भोजन-पानी तो क्या मां के दूध को भी प्रदूषित कर दिया है। इन कीटनाशकों के कारण प्राकृतिक असंतुलन की स्थिति पैदा हो गई है।

इस प्रकार उचित यही होगा कि सब्जियों, फलों आदि का उपयोग करते विशेष सावधानी व सतर्कता बरती जाए और कीटनाशक रासायनों के मारक असर से स्वयं को बचाया जाए। इन खाद्य पदार्थों में विद्यमान धीमे जहर को आप अकेले तो कदापि कम नहीं कर सकते लेकिन फिर भी यदि आप कुछ सतर्कता बरतें तो इनके हानिकारक प्रभावों से अपने स्वास्थ्य को खतरे में पड़ने से बचा सकते हैं।

आपको करना सिर्फ यह होगा कि फलों-सब्जियों एवं धानों को उपयोग में लाने से पूर्व कम से कम दो-तीन बार पानी से अच्छी तरह धो लें। यदि एक बार 'सिरके' अथवा 'खाने के सोडे' (मीठा सोडा) से धोकर फिर स्वच्छ पानी से धो लें तो और भी बेहतर होगा।

बंद गोभी की बाहरी परतों को अलग कर भीतरी परतों का ही उपयोग करें। ऐसा ही गिलकी, तुरई एवं अन्य सब्जियों के साथ करें। इस प्रकार सब्जियों-फलों का छिलका उतारकर ही उपयोग करें। इससे छिलके पर लगे कीटनाशक पदार्थ दूर हो जाएंगे।

कीटनाशकों के व्यापक प्रयोग के चलते फलों और सब्जियों को कच्चा खाना भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक और खतरे से खाली नहीं है। छिलका उतार लेने से फल एव सब्जियों के छिलके पर लगे कीटनाशक तो दूर हो जाएंगे लेकिन जो कीटनाशक एवं जहर सब्जी के अंदर पहुंच चुका है वह स्वास्थ्य को हानि पहुंचाएगा। इसलिए साग-सब्जियों का असर नष्ट हो जाता है।

ये कुछ सावधानियां हैं जो आपको सब्जियों के जहरीले प्रभाव से बचाए रखती हैं। इसलिए इन उपायों को ध्यान में रखकर साग-सब्जियों में छिपे धीमे जहर को खुद को बचाइए।

– उमेश कुमार साहू

**नोट– पावन संसार में स्वास्थ्य संबंधी बताए गये तरीकों को अपनाने से पहले किसी योग्य चिकित्सक/वैद्य की सलाह अवश्य लें। इनको उपयोग में लाने से किसी भी प्रकार की क्षति के लिए पावन संसार जिम्मेदार नहीं होगा।**

संपादक




# दिल्ली समाचार





# डा. विनय कंसल को मिला आदर्श कर्म योद्धा सम्मान 2025



**मथुरा (संवाददाता)।** आदर्श संस्थान शाला, मथुरा उत्तरप्रदेश द्वारा बी.एस.ए. इंजीनियरिंग कॉलेज, मथुरा के सभागार में संस्कार महाकुंभ 2025 के अंतर्गत राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दीपक गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि, उत्तर प्रदेश सरकार में श्रम एवं नियोजन विभाग के राज्य मंत्री श्री मनोहर लाल मन्नू कोरी जी ने दिल्ली से पधारे सुप्रसिद्ध पर्यावरणविद् डॉ. विनय कंसल को आदर्श कर्म योद्धा सम्मान 2025 से अलंकृत किया।

डॉ. कंसल को यह सम्मान पर्यावरण जागृति, शिक्षा एवं संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे उनके उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। सम्मान स्वरूप उन्हें सम्मान पत्र, श्री बांके बिहारी जी का सुंदर चित्र, मोतियों की माला, पंचगव्य से निर्मित दीप एवं हवन सामग्री तथा तुलसी का पौधा भेंट किया गया।

सम्मान प्राप्ति पर सभागार में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने डॉ. कंसल को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# घर में चोरी करने वाली महिला केयर टेकर गिरफ्तार

**नई दिल्ली (सं.)।** पश्चिम विहार पूर्व थाना पुलिस ने घर में चोरी करने महिला केयर टेकर को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला मकान मालकिन की मां की पर्स से नकदी और गहने लेकर भाग गई थी। पुलिस आरोपी महिला से पूछताछ कर गहने बरामदगी का प्रयास कर रही है।

बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि 4 सितंबर को पश्चिम विहार पूर्व थाना पुलिस को एक घर में चोरी की सूचना मिली। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को शिकायतकर्ता 52 साल की मोनिका मिली। जिसने बताया कि वह कामकाजी महिला हैं। उनके साथ 79 साल की उनकी मां भी रहती हैं। 28 अगस्त को बीमार होने पर मां को अस्पताल में भर्ती कराया था। 31 अगस्त को अस्पताल से छुट्टी मिली। उनकी देखभाल के लिए गुरुग्राम स्थित एक प्लेसमेंट एजेंसी से महिला केयर टेकर को काम कर रखा। वह 31 अगस्त से घर में काम करने लगी। 2 सितंबर को वह काम पर गई थी। दोपहर में उनकी मां का फोन आया। उन्होंने बताया कि केयर टेकर अपने लिए बाहर से खाना लेने जाने की बात कहकर गई है लेकिन काफी देर बाद भी वापस नहीं आई है। वह घर पहुंची और केयर टेकर के मोबाइल पर फोन लगाया, उसका फोन बंद मिला। जांच करने पर पता चला कि घर से उनकी मां का 20 ग्राम की दो सोने की चूड़ियां और 10 से 15 हजार रुपये गायब हैं। उसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी।

पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की जांच की। संदिग्ध महिला का फोटो लेकर पुलिस ने आवासीय सोसाइटी में पूछताछ की और मुखबिरों को सक्रिय किया। 16 सितंबर को आरोपी महिला के बारे में सूचना मिली कि उसे उत्तम नगर मेट्रो स्टेशन के पास देखा गया है। पुलिस टीम ने तुरंत दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# सेवा पखवाड़ाः 75 राजदूतों और उच्चायुक्तों ने अपनी मां के नाम पर लगाए पौधे, दिल्ली सरकार का रिज इलाके में आयोजन



**नई दिल्ली (सं.)।** दिल्ली में रह रहे दुनियाभर के विभिन्न देशों के 75 राजदूतों, उच्चायुक्तों ने अपनी मां के नाम पौधे लगाए। विदेशी मेहमान भारत की राजधानी में अपनी मां के नाम की ये अनोखी याद सहेजते हुए ये भावुक दिखे। पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत दिल्ली सरकार ने रिज क्षेत्र में ये पौधरोपण कार्यक्रम किया।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इसका नेतृत्व किया, साथ में दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद रहे। रिज क्षेत्र में पीबीजी ग्राउंड के भीतर एक पेड़ मां के नाम 2.0 वैश्विक पौधरोपण अभियान आयोजित हुआ। इसमें 72 से अधिक देशों के 75 से ज्यादा राजदूतों, उच्चायुक्तों और हेड्स ऑफ मिशन ने हिस्सा लिया।

बहरीन, भूटान, चीन, रूस, ओमान, स्पेन, ऑस्ट्रिया, ब्राजील, जमैका, फीजी, पापुआ न्यू गिनी समेत एशिया, अफ्रीका, यूरोप, अमेरिका और ओशिआनिया के कई देशों के राजनयिकों और उनके परिवार के सदस्यों ने हिस्सा लिया। हरएक विदेशी मेहमान ने अपनी मां के नाम पर पौधा लगाया। हर पौधे के साथ नाम पट्टिका लगी, जिसमें राजनयिक का नाम, उनकी मां का नाम और पौधे की प्रजातियां लिखी हुई हैं।

**पौधे लगाते हुए भावुक पल सामने आए** – कार्यक्रम के दौरान कई भावुक पल भी सामने आए। कैमरून की राजदूत अपनी दिवंगत मां को याद करके रो पड़ीं और मुख्यमंत्री ने उनको गले लगाया। 15 दिन पहले ही उनकी मां की मृत्यु हो गई थी। इसमें खाड़ी देशों के राजनयिकों ने खास रुचि दिखाई। ओमान के राजदूत इस्सा सालेह अलशिबानी ने इस अभियान के लिए धन्यवाद दिया।

**विस परिसर में एक पेड़ मां के नाम पौधे लगाए** – विधानसभा परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बृहस्पतिवार को पौधे लगाए गए। पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन के मौके पर आयोजित सेवा पखवाड़े में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट व विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने पौधे लगाए। इस दौरान विधानसभा परिसर में हरित क्षेत्र 20 फीसदी बढ़ाने की घोषणा की गई। दिल्ली विधानसभा को हराभरा, सुंदर और प्रेरणादायक स्थान बनाकर इसका संदेश दिल्लीवासियों तक ले जाएंगे।

**धरती को बचाना सबकी जिम्मेदारी : भूपेंद्र यादव** – केंद्रीय मंत्री ने कहा कि धरती को बचाना सबकी जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी की एक पेड़ मां के नाम की अपील ने सबको ये एहसास कराया। कई राजनयिक अपनी मां को याद करके भावुक हो गए। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़े में 25 सितंबर को पूरे देश में 7.5 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे।

**दिल्ली का ग्रीन कवर 25 फीसदी बढ़ा : रेखा गुप्ता** – मुख्यमंत्री ने कहा, दिल्ली का ग्रीन कवर 25 फीसदी बढ़ा है, देश में सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता हानि और वायु प्रदूषण की चुनौतियां किसी सीमा को नहीं मानतीं, इसलिए हमें वैश्विक स्तर पर साथ मिलाकर काम करना होगा। दिल्ली में ये कार्यक्रम इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा।

**पीएम मोदी के वैश्विक नेतृत्व का सबूत रू सिरसा** – पर्यावरण मंत्री ने कहा, 72 से ज्यादा देशों के राजनयिकों ने पौधे लगाए। यह पीएम मोदी के वैश्विक नेतृत्व का सबूत है और सभी भारतीयों के लिए गर्व का पल है।

# वैश्यकुल कार्यकारिणी की पहली बैठक सम्पन्न, कमजोर छात्रों के लिए खोले जाएंगे निशुल्क छात्रावास



**नई दिल्ली (सं.)।** वैश्यकुल की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक वेस्टर्न कोर्ट, जनपथ, दिल्ली में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता श्री अशोक अग्रवाल ने की तथा मार्गदर्शन भाजपा दिल्ली के महामंत्री श्री विष्णु मित्तल और भाजपा चाँदनी चौक जिला अध्यक्ष श्री अरविन्द गर्ग ने दिया। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री गिरीश मित्तल ने जानकारी दी कि बैठक का शुभारंभ हनुमान चालीसा पाठ से किया गया। इसके उपरांत उपस्थित सभी पदाधिकारियों का परिचय कराया गया और नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

बैठक में महामंत्री पद की जिम्मेदारी श्री अमित गोयल, श्री पवन सिंघल एवं श्री सतेन्द्र अग्रवाल को सौंपी गई। कोषाध्यक्ष के रूप में श्री राजेश जैन तथा दिल्ली प्रदेश महिला अध्यक्ष के रूप में श्रीमती अपर्णा गोयल नियुक्त हुईं। दिल्ली प्रदेश युवा अध्यक्ष अंकुर गोयल बनाए गए। उपाध्यक्षों में श्री यतेंद्र गुप्ता, बलराम बिंदल, निधि गुप्ता, जय किशन गोयल, नीलकमल गुप्ता, अनिल मित्तल, श्री भगवान बंसल और सुभाष गोयल शामिल हैं। मंत्री पद पर कुसुम बंसल, प्रदीप भैया, ऋतु गोयल, दीपक मित्तल, हरेंद्र सिंघल और आनंद जैन गर्ग को दायित्व दिया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में श्री सुरेश अग्रवाल, सुमन गुप्ता, तिलक राम गुप्ता, हरीदेश अग्रवाल, वरुण जैन और रवि गुप्ता को जोड़ा गया। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी अंकित मित्तल, राहुल जैन और राकेश गुप्ता को दी गई।

इसके अतिरिक्त विभिन्न जिलों के संयोजकों की घोषणा भी की गई जिनमें नई दिल्ली संयोजक मनीष अग्रवाल, करोलबाग संयोजक राजेश गोयल, चाँदनी चौक संयोजक मदन अग्रवाल, केशवपुरम संयोजक नरेंद्र गुप्ता, नजफगढ़ संयोजक जगदीश बंसल, पश्चिमी दिल्ली संयोजक राम निवास मित्तल, दक्षिण दिल्ली संयोजक राजपाल सिंघल एवं राजेन्द्र अग्रवाल, महरौली संयोजक पुष्प कुमार अग्रवाल, शाहदरा संयोजक अशोक सिंघल, नवीन शाहदरा संयोजक सतीश गर्ग, उत्तर–पूर्वी दिल्ली संयोजक डॉ. अनिल गुप्ता, उत्तर–पश्चिमी दिल्ली संयोजक जगदीश बंसल तथा बाहरी दिल्ली संयोजक नीरज अनेश जैन शामिल रहे।

गिरीश मित्तल ने बताया कि बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर विचार–विमर्श किया गया। इसमें महाराजा अग्रसेन जयंती का भव्य आयोजन तथा अक्टूबर माह में कार्यकारिणी सदस्यों के लिए अग्रोहा धाम यात्रा शामिल है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि दिल्ली में आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए निशुल्क छात्रावास खोले जाएंगे। साथ ही सभी वैश्य IAS अधिकारियों को संस्था से जोड़ा जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी श्री भगवान बंसल को सौंपी गई।

अंत में अध्यक्ष श्री अशोक अग्रवाल ने सभी पदाधिकारियों और उपस्थित अतिथियों का आभार प्रकट किया।

# दिल्ली में सिर्फ एक मिस कॉल से दूर होंगी प्रॉपर्टी टैक्स की दिक्कतें

**नई दिल्ली (सं.)।** संपत्ति कर से राजस्व बढ़ाने के लिए एमसीडी निजी कंपनियों की तर्ज पर कॉल सेंटर शुरू करने जा रही है। जहां पर संपत्ति कर से संबंधित न केवल शिकायतों का समयबद्ध तरीके से समाधान होगा बल्कि लोग संपत्ति कर जमा करने के लिए भी प्रोत्साहित होंगे।

इसके लिए कॉल सेंटर की रूपरेखा बनाने पर कार्य चल रहा है। सब कुछ ठीक रहा तो अगले दो माह के भीतर यह कॉल सेंटर काम करने लगेगा।

इसमें किन कर्मचारियों और अधिकारियों को लगाया जा सकता है, इसके लिए उनकी पहचान की जा रही है। साथ ही कॉल सेंटर कहां पर होगा, इसके लिए भी सिविक सेंटर में स्थान तलाशा जा रहा है।

एमसीडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बहुत सारे लोग ऐसे हैं, जो संपत्ति कर जमा करना चाहते हैं लेकिन उन्हें सही दिशा–निर्देश नहीं मिल पाते। इतना ही नहीं, बहुत सारे लोगों के मन में सवाल होते हैं कि उनकी संपत्ति इस स्थान पर है तो कितना संपत्ति कर लगेगा। अगर किराये पर है तो कितना संपत्ति कर लगेगा। इतना ही नहीं, नया यूनिक आईडी बनाना है तो कैसे बनेगा। इसके अतिरिक्त कोई नोटिस आया है तो उसका जवाब कहां देना है। ऐसे सभी सवालों के जवाब के लिए यह कॉल सेंटर होगा।

जहां पर टोल–फ्री नंबर या फिर एमसीडी के नंबर पर मिस कॉल करनी होगी। निगम के कॉल सेंटर की ओर से संबंधित व्यक्ति को कॉल किया जाएगा।

जिसमें संपत्ति कर जमा करने के लिए संपत्ति मालिक की सहायता की जाएगी। अधिकारी ने कहा कि इससे न केवल राजस्व बढ़ेगा बल्कि लोगों का निगम की सेवाओं के प्रति विश्वास भी मजबूत होगा।

उन्होंने कहा कि जब निजी कंपनियां ऐसा कर सकती हैं तो सरकारी विभाग क्यों नहीं कर सकते। अधिकारी ने बताया कि कॉल सेंटर में जो कर्मचारी काम करेंगे वे एमसीडी के ही कर्मचारी होंगे। किसी निजी कंपनी से नहीं लिए जाएंगे क्योंकि यह वित्त और राजस्व से जुड़ा मामला है।

इसलिए निगम अपने कर्मचारियों को ही इसके लिए प्रशिक्षित करेगा। हां, यह हो सकता है कि इसमें सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी जोड़ा जाए क्योंकि उन्हें संपत्ति कर की गहरी जानकारी होती है।

उल्लेखनीय है कि निगम ने संपत्ति कर से राजस्व का लक्ष्य पिछले कई वर्षों से 4000 करोड़ रुपये रखा है लेकिन निगम को औसतन 2000 करोड़ रुपये ही राजस्व प्राप्त हो रहा है। इसे देखते हुए निगम अपना राजस्व बढ़ाने के लिए इस तरह के प्रयास कर रहा है।

**एमसीडी ने बनाया संपत्ति कर आकलन का कैलकुलेटर** – एमसीडी के संपत्ति कर विभाग ने लोगों से कर वसूली की प्रक्रिया को काफी सरल बना दिया है। एमसीडी ने संपत्ति कर का आकलन करने के लिए कैलकुलेटर भी अपनी वेबसाइट पर जारी किया है। इसमें नागरिक सिर्फ चार–पांच जानकारी दर्ज कर अपना संपत्ति कर जान सकते हैं।

इसके बाद मुख्य पोर्टल पर जाकर उसी अनुरूप संपत्ति कर जमा कर सकते हैं। अधिकारी ने कहा कि बहुत सारे लोग संपत्ति कर की तकनीकी भाषा को समझ नहीं पाते थे लेकिन यह कैलकुलेटर इसे समझने में आसान बना देगा।

# अग्रवाल सभा रोहिणी ग्रुप हाउसिंग (पंजी.) का 16वां करवाचौथ मेहंदी उत्सव

**रोहिणी (वी.के.अग्रवाल)।** अग्रवाल सभा रोहिणी ग्रुप हाउसिंग (पंजी.), एक अग्रोहा कुंज, सेक्टर–13, रोहिणी, दिल्ली–85 इस वर्ष अपना 16वां करवाचौथ मेहंदी उत्सव 2025 बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाने जा रही है। यह भव्य आयोजन 8 अक्टूबर 2025 को दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक जे.एम.डी. टेंट, जापानी पार्क, रोहिणी, दिल्ली में संपन्न होगा।


कृष्ण गोपाल गर्ग
मुख्य संरक्षक
संस्थापक प्रधान


संजय बंसल
प्रधान


विपिन गोयल
महासचिव


मोहन श्याम
कोषाध्यक्ष

सभा के मुख्य संरक्षक श्री कृष्ण गोपाल गर्ग ने पावन संसार को जानकारी देते हुए बताया कि यह विशेष उत्सव उन्होंने 16 वर्ष पूर्व प्रारंभ किया था और तभी से यह निरंतर परंपरा बन चुका है। उन्होंने आगे बताया कि हाल ही में उन्होंने डी.डी.ए. से सेक्टर–18, रोहिणी में 445 गज का प्लॉट लिया है, जिसका निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ होगा।

अग्रवाल सभा रोहिणी ग्रुप हाउसिंग वर्ष भर में सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित करती है। गत वर्ष 29 मार्च 2025 को इन्होंने अग्रसेन पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा में क्रिकेट डे–नाइट मैच आयोजित किया। इसी प्रकार, 22 जनवरी 2025 को हिंदू नववर्ष समारोह का आयोजन प्रशांत विहार की अग्रवाल धर्मशाला में किया गया।

सभा की सबसे विशिष्ट पहचान है – री–मैरिज कार्यक्रम (प्रयास)। अब तक इसके तहत 4 सफल आयोजन हो चुके हैं। यह कार्यक्रम पूरी तरह निःशुल्क होता है तथा किसी से कोई शुल्क नहीं लिया जाता। 19 नवम्बर 2019 से निरंतर चल रहे इस प्रयास ने समाज में एक नई दिशा देने का कार्य किया है।

इसके अतिरिक्त सभा सामाजिक सेवा के क्षेत्र में भी अग्रणी है। एक होम्योपैथिक डिस्पेंसरी सोमवार से शुक्रवार, शाम 6 बजे से 8 बजे तक एक अग्रोहा कुंज, सेक्टर–13, रोहिणी में चलाई जाती है, जिससे अनेक लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

1025 सदस्यों वाली अग्रवाल सभा रोहिणी ग्रुप हाउसिंग, न केवल सांस्कृतिक उत्सवों की धरोहर है बल्कि समाज सेवा की मिसाल भी है। इस बार का 16वां करवाचौथ मेहंदी उत्सव निश्चित ही समाज में आनंद और उत्साह की नई ऊर्जा भर देगा।

# अगले पांच वर्षों में दिल्ली का हर सरकारी स्कूल होगा स्मार्ट : शिक्षा मंत्री आशीष सूद

**नई दिल्ली (सं.)।** प्रदेश सरकार की निपुण संकल्प योजना के तहत जनकपुरी स्थित सर्वोदय कन्या विद्यालय, सी–3 नंबर 1 में दिल्ली की पहली निपुण शाला का उद्घाटन बृहस्पतिवार को किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री व जनकपुरी के विधायक आशीष सूद ने कहा कि आने वाले दिनों में दिल्ली के सरकारी स्कूल इतने सशक्त होंगे कि लोग अपने बच्चों का दाखिला इन्हीं स्कूलों में कराना पसंद करेंगे। उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में हर सरकारी स्कूल को स्मार्ट बनाना है। अब तक लगभग 21,000 कक्षाओं में स्मार्ट ब्लैकबोर्ड लगाए जा चुके हैं, शेष कक्षाओं में भी शीघ्र लगाए जाएंगे। हर विद्यार्थी को क्रोमबुक, स्मार्ट कक्षाएं और तकनीकी शिक्षा का अनुभव मिलेगा।

उन्होंने कहा कि निपुण संकल्प योजना का उद्देश्य पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की आधारभूत साक्षरता और गणना कौशल को मजबूत करना है। रोटरी क्लब के सहयोग से शुरू की गई यह निपुण शाला बच्चों के सीखने के स्तर और परिणामों में सुधार लाने का प्रयास है। सरकार का लक्ष्य है कि अगले तीन वर्षों में राजधानी का हर विद्यालय निपुण प्रमाणित स्कूल बने।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग कर शिक्षा को और प्रभावी बनाया जा रहा है। जैसे उपस्थिति दर्ज करने, प्रश्नपत्र तैयार करने और मूल्यांकन जैसी प्रक्रियाओं में समय की बचत होगी।

कार्यक्रम के दौरान नमो सुगम्य रथ और सुगम्य दिल्ली यात्रा का भी शुभारंभ किया गया। आशीष सूद ने कहा कि दिव्यांगजनों और बुजुर्गों की सुविधा के लिए सरकारी इमारतों के साथ–साथ पार्क, बाजार, बस स्टॉप और आवासीय क्षेत्रों को भी सुगम बनाया जाएगा। इसके लिए हर ब्लॉक और पार्क में एक पर्पल एंबेसडर नियुक्त होगा, जो अपने क्षेत्र को पूरी तरह सुलभ बनाने की जिम्मेदारी निभाएगा। उन्होंने कहा कि यह केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और सामूहिक भागीदारी का अभियान है।

# नव चेतना धार्मिक एवं सांस्कृतिक सभा सेक्टर–8 रोहिणी का भव्य तीन दिवसीय रामलीला मंचन व दशहरा महोत्सवः 30 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक महाराजा अग्रसेन पार्क, रोहिणी में आयोजन

**रोहिणी (वी.के.अग्रवाल)।** नव चेतना धार्मिक एवं सांस्कृतिक सभा, सेक्टर–8, रोहिणी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय रामलीला मंचन व दशहरा महोत्सव 30 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक महाराजा अग्रसेन पार्क, सेक्टर–8, रोहिणी (नजदीक अग्रवाल धर्मशाला) में सम्पन्न होगा। यह आयोजन स्थानीय संस्कृति और परंपरा के प्रति समर्पित एक शुद्ध और गरिमामय पर्व के रूप में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें पारिवारिक माहौल, अनुशासन और उच्च कोटि के मनोरंजन का अनूठा संगम देखा जाएगा।



आयोजन का प्रारम्भ 30 सितम्बर की सायं 7 बजे उद्घाटन एवं दीप प्रज्ज्वलन से होगा। तत्पश्चात गणेश वंदना व रामलीला का मंचन रात्रि 7:30 बजे से शुरू होगा। पहले दिन रात्रि 8:30 बजे डांडिया एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन यानी 1 अक्टूबर को शृंखला कार्यक्रम उसी समय दोहराया जाएगा, जबकि 2 अक्टूबर के समापन दिवस पर उद्घाटन एवं दीप प्रज्ज्वलन सायं 5:00 बजे तथा भव्य दशहरा कार्यक्रम सायं 6 बजे प्रारम्भ होगा। रात्रि 7 बजे विशाल पुतलों का दहन व डिजिटल आतिशबाजी की झलक देखने को मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान विशेष आकर्षण के रूप में पारंपरिक डांडिया–गरबा के साथ आधुनिक लाइव डीजे बीट्स पर नृत्य, डिजिटल मंच प्रस्तुतियाँ, स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल और रावण–कुम्भकरण–मेघनाथ के विशाल पुतलों का भव्य दहन होगा।

आयोजन में ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा लीला–मंचन और रंगारंग प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की जाएँगी, जिनसे दर्शकों को पारंपरिक कला का श्रेष्ठ अनुभव प्राप्त होगा।




प्रधान कृष्ण कुमार गर्ग ने बताया, "नव चेतना धार्मिक एवं सांस्कृतिक सभा का उद्देश्य हमारी सांस्कृतिक परम्पराओं को सहेजते हुए परिवारों को एक सुरक्षित और गरिमापूर्ण मंच प्रदान कराना है। यह आयोजन स्थानीय सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण अवसर है।"

मुख्य संरक्षक विजेन्द्र जिन्दल ने अपने बयान में कहा, "हमारे यहाँ का आयोजन हमेशा भव्य और अनुशासित रहा है। दर्शक ऐसा स्वागत करते हैं कि वातावरण बिल्कुल पारिवारिक एवं स्वागतयोग्य लगता है। मैं सभी से अनुरोध करता हूँ कि वे समय पर पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद लें और आयोजन की शृंखला को सफल बनायें।

नव चेतना धार्मिक एवं सांस्कृतिक सभा की इस पहल की स्थानीय जनता में व्यापक प्रशंसा हो रही है। समाज के प्रतिष्ठित और सज्जन परिवार ही यहां आकर समारोह का हिस्सा बनते हैं, जिससे कार्यक्रम का स्तर सदैव उच्च बना रहता है। आयोजक समिति ने सुरक्षा, स्वच्छता और पारिवारिक वातावरण पर विशेष ध्यान देने का आश्वासन दिया है ताकि आए हुए प्रत्येक दर्शक को सुखद और यादगार अनुभव प्राप्त हो।

आयोजन समिति के पदाधिकारी और मुख्य संयोजक–सह व्यवस्थापक निम्नानुसार हैं : मुकेश जैन (चेयरमैन), महेश जिन्दल (मुख्य संयोजक), कृष्ण कुमार गर्ग (प्रधान), धीरज कुमार सिंह (एडवोकेट) (महासचिव), ईशवन्त बंसल (कोषाध्यक्ष), सौरभ ठक्कर (संगठन सचिव)। मुख्य संरक्षक के रूप में विजेन्द्र जिन्दल, तथा मुख्य प्रेरणा स्रोत श्री चतुर्भुज अग्रवाल हैं। साथ ही संरक्षकों की सूची में राधे श्याम गर्ग, श्याम गुप्ता, संदीप, अग्रवाल रतन गर्ग, प्रमोद अग्रवाल (प्रिया डेयरी), पवन अग्रवाल, रतन मित्तल, मुनीष गर्ग और अभिषेक जिन्दल सम्मिलित हैं।

आयोजक सभा का कहना है कि यह कार्यक्रम रोहिणी के सांस्कृतिक कैलेंडर का एक प्रतिष्ठित और प्रतीक्षित अंग बन चुका है; वे सभी निवासी और समीपवर्ती पारिवारिक समुदायों से अनुरोध करते हैं कि वे पास व्यवस्था का पालन करते हुए समय पर उपस्थित रहें और इस शौर्यपूर्ण सांस्कृतिक परंपरा का आनंद लें।









# उत्तर प्रदेश मित्र मंडल ट्रस्ट (रजि.) साधारण सभा में सर्वसम्मति से चुने गए अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, महामंत्री सीए सुनील कंसल एवं कोषाध्यक्ष राज कुमार अग्रवाल

**रोहिणी (अविनाश गर्ग)।** **उत्तर प्रदेश मित्र मंडल ट्रस्ट (रजि.)** की साधारण सभा रविवार 14 सितंबर 2025 को सायं 6:30 बजे अग्रवाल धर्मशाला, नार्थ एक्स पीतमपुरा (कृष्णा मार्केट के सामने, नियर लॉरेल हाई स्कूल) में सम्पन्न हुई। इस सभा में ट्रस्टी भाई उपस्थित हुए और सर्वसम्मति से मंडल की नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया।

ट्रस्टी भाइयों की सर्वसम्मति से **श्री प्रमोद अग्रवाल को अध्यक्ष, सीए सुनील कंसल को महामंत्री** एवं **राज कुमार अग्रवाल को कोषाध्यक्ष** चुना गया। अब यह तीनों मिलकर अपनी नई टीम का गठन करेंगे और संस्था को आगे बढ़ाएंगे।

सभा में मंडल के प्रधान द्वारा संस्था का संपूर्ण आय–व्यय विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसे सभी उपस्थित भाइयों ने ध्यानपूर्वक सुना और पारदर्शिता देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

**श्री प्रमोद अग्रवाल (नवनिर्वाचित अध्यक्ष)** ने अपने वक्तव्य में कहा **उत्तर प्रदेश मित्र मंडल ट्रस्ट (रजि.)** का उद्देश्य केवल धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करना ही नहीं, बल्कि समाज में धार्मिक चेतना, संस्कार और भाईचारे की भावना को बढ़ाना है। आने वाले समय में हम और अधिक सेवा कार्यों के लिए समर्पित रहेंगे।

**महामंत्री निर्वाचित सीए सुनील कंसल** ने कहा मंडल के कार्यों में सभी भाइयों का सहयोग और विश्वास हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। हम सब मिलकर संस्था को और ऊंचाइयों तक ले जाएंगे तथा समाज में आध्यात्मिक जागरण, सामाजिक सहयोग और सेवा के नए आयाम स्थापित करेंगे।

**कोषाध्यक्ष राज कुमार अग्रवाल** ने कहा मंडल पूर्व में सुंदरकांड पाठ, धार्मिक भजन संध्या, भंडारे, भागवत् कथा, प्रसाद वितरण एवं समाजहित के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। सभा में मंडल की इन्हीं उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की गई।

सभा के उपरांत सभी उपस्थित जनों के लिए भोजन प्रसाद की उत्तम व्यवस्था की गई, जिसमें सभी ने आत्मीय वातावरण में सहभागिता की। अंत में **अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल** ने आए हुए सभी ट्रस्टी भाईयों का अपने हृदय की गहराईयों से धन्यवाद किया।






























# शालीमार बाग रामलीला कमेटी द्वारा भव्य डांडिया नाइट का आयोजन 21 सितम्बर को

**शालीमार बाग (अविनाश गर्ग)।** **शालीमार बाग रामलीला कमेटी (पंजी.)**, जो हर वर्ष पिछले कई वर्षों से भव्य और ऐतिहासिक रामलीला का सफल आयोजन करती आ रही है, इस बार भी अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मनोरंजन और संस्कृति का संगम प्रस्तुत करने जा रही है। समिति की रामलीला न केवल क्षेत्र में बल्कि पूरे दिल्ली में भव्यता और अनुशासन के लिए जानी जाती है।

इसी कड़ी में समिति द्वारा डांडिया नाइट का आयोजन रविवार, 21 सितम्बर को रामलीला मैदान, क्लब रोड, शालीमार बाग में किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय मुख्यमंत्री दिल्ली श्रीमती रेखा गुप्ता होंगी। कार्यक्रम में भारत के नंबर–1 डीजे DJ सुमित सेठी अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थितजनों को झूमने पर मजबूर करेंगे।

इस डांडिया नाइट को और भी रोचक बनाने के लिए कई प्रतियोगिताएं रखी गई हैं, जिनमें सर्वश्रेष्ठ नृत्य, सर्वश्रेष्ठ परिधान और सर्वश्रेष्ठ जोड़ी के लिए आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। साथ ही लकी ड्रॉ भी आयोजित होगा। प्रवेश केवल निमंत्रण पत्र द्वारा होगा तथा सभी से अनुरोध है कि वे अपने साथ डांडिया अवश्य लेकर आएं।

कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति से मंच की शोभा बढ़ाने वाले विशिष्ट अतिथियों में शामिल हैं – **श्री पंकज अग्रवाल (रॉयल पेपर बैन्क्वेट्स), श्री राजेश अग्रवाल (बी.जे.134), श्री कृष्ण कुमार गुप्ता (बी.एच.–1, प.) शालीमार बाग, श्री संजीव अग्रवाल (बी. डब्ल्यू–19 बी.) शालीमार बाग, श्री संजय गोयल (मैरीना ड्रीम्स वैन्क्वेट) बी. जी.–112, (पू.), श्री नरेश जैन बी.एन.–104, (प.), श्री देवेन्द्र गुप्ता सदस्य APMC, आजादपुर मण्डी, दिल्ली** **शालीमार बाग रामलीला कमेटी (पंजी.)** ने जिस प्रकार वर्षों से समाज और संस्कृति के उत्थान में योगदान दिया है, वह सराहनीय और प्रेरणादायी है। इस बार का डांडिया नाइट आयोजन भी निश्चित ही क्षेत्रवासियों के लिए यादगार और भव्य साबित होगा।

# पीएम मोदी के नाम पर 2700 करोड़ की ठगी करने वाला पांचवीं पास गिरफ्तार, देश भर में 150 अधिक केस दर्ज

**नई दिल्ली (सं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का सहारा लेकर जनता को ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने जालसाज को गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान जुगल किशोर शर्मा के रूप में हुई है। आरोपी ने गुजरात के धोलेरा क्षेत्र में निवेश पर अधिक मुनाफा दिलाने का झांसा देकर सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपये ऐंठे।

ठगी का जाल इतना बड़ा था कि पूरे देशभर से लगभग 150 मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें सर्वाधिक मामले राजस्थान से सामने आए हैं। अनुमान है कि कुल घोटाले की रकम लगभग 2,700 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है।

गिरोह में शामिल दो आरोपियों सुभाष बिजारानिया और ओपेंद्र बिजारानिया को बीते वर्ष दिसंबर में ही गिरफ्तार कर लिया गया था और वे वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं।

ईओडब्ल्यू की उपायुक्त अमृता गुगुलोथ के मुताबिक, करावल नगर की नेहा कुमारी और 97 अन्य शिकायतकर्ताओं द्वारा मेसर्स नेक्सा एवरग्रीन प्राइवेट लिमिटेड और उसके पदाधिकारियों के विरुद्ध एक संयुक्त शिकायत दर्ज कराई गई थी।



आरोप है कि आरोपी जुगल किशोर और विनोद कुमार ने स्वयं को कंपनी का निदेशक बताया और निवेशकों को आश्वासन दिया कि उनके निवेश पर उन्हें सुनिश्चित साप्ताहिक रिटर्न मिलेगा और गुजरात, अहमदाबाद के धोलेरा में प्लाट आवंटित किए जाएंगे।

साथ ही यह भी कहा गया कि निवेश पर तीन प्रतिशत ब्याज दर से साप्ताहिक रिटर्न हर मंगलवार को मिलेगा। भरोसा बढ़ाने के लिए लोगों को मोबाइल फोन, लैपटॉप और रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल जैसे इनाम भी दिए गए।

इतना ही नहीं, कंपनी ने गूगल प्ले पर एक ऐप्लिकेशन भी लॉन्च किया, जिसमें निवेशकों को विशिष्ट आईडी देकर उनके निवेश और रिटर्न का ब्योरा दिखाया जाता था। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने प्रधानमंत्री के वीडियो दिखाकर झूठा दावा किया कि वे धोलेरा परियोजना के ब्रांड एंबेसडर हैं। कारोबार बंद करने से पहले कंपनी ने ऐप को अचानक बंद कर दिया और सभी अधिकारी फरार हो गए। इसी तर्ज पर सीकर (राजस्थान) और ग्वालियर (मध्य प्रदेश) में भी प्राथमिकी दर्ज की गई। शिकायतों के बाद ईओडब्ल्यू में मामला दर्ज किया गया।

जांच में पता चला कि नेक्सा एवरग्रीन ग्रुप के आरोपियों द्वारा शुरू की गई योजनाओं के माध्यम से निश्चित उच्च रिटर्न देने के बहाने आम जनता से धन प्राप्त किया गया था। यह गिरोह अहमदाबाद में अपने मुख्यालय के साथ पूरे देश में सक्रिय था।

भारतीय सेना के पूर्व सैनिक आरोपी सुभाष बिजारणिया और रणवीर सिंह बिजारणिया मेसर्स नेक्सा एवरग्रीन प्राइवेट लिमिटेड और समूह की अन्य संस्थाओं के निदेशक थे।

उन्होंने धोलेरा में "नेक्सा एवरग्रीन प्रोजेक्ट" नामक अपनी टाउनशिप परियोजना में निवेश करने के लिए जनता को लुभाने के लिए योजना शुरू की थी।

**अधिकांश पीड़ित सरकारी कर्मचारी निकले** – ईओडब्ल्यू की जांच से पता चला कि नेक्सा एवरग्रीन ग्रुप अहमदाबाद में मुख्यालय से पूरे देश में सक्रिय था। समूह ने धोलेरा क्षेत्र में लगभग 1,200 बीघा जमीन खरीदी थी, जिसमें से अब तक 168 एकड़ की पहचान की जा चुकी है।

निवेशकों से जुटाई गई रकम मुख्यतः नेक्सा एवरग्रीन डेवलपर्स धोलेरा और 9 ओक डेवलपर्स धोलेरा के खातों में जमा कराई गई। अधिकांश पीड़ित सरकारी कर्मचारी थे।

गिरफ्तार आरोपी जुगल किशोर इन फर्मों का अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता था और शाहदरा (दिल्ली) स्थित शाखा कार्यालय का संचालन करता था।

**पेशे से पुजारी है आरोपी** – गिरफ्तार आरोपी जुगल किशोर शर्मा मूलतः शाहदरा का रहने वाला है। वह पेशे से पुजारी है और प्रॉपर्टी डीलिंग का काम भी करता था।

मात्र पांचवीं तक पढ़ा हुआ जुगल किशोर, मुख्य आरोपी रणवीर बिजारणिया के संपर्क में आया और उसके लिए काम करने लगा। उसने शाहदरा के विश्वास नगर में कार्यालय खोलकर ठगी के पैसों का लेन–देन संभाला।

# नांगलोई में दर्दनाक हादसा, दो बच्चियों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत, सुरक्षित मार्ग की मांग हुई तेज

**नांगलोई (सं.)।** नांगलोई नगर निगम स्कूल से पढ़ाई कर लौट रहीं दो बच्चियों की प्रेमनगर के पास ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। दोनों बच्चियां नांगलोई स्टेशन के पास रेलवे लाइन के पास से पैदल अपने घर आ रही थीं। बच्चियों की पहचान आठ वर्षीय शाहिस्ता प्रवीण और सात साल की रौनक खातून के रूप में हुई।



दोनों बच्चियां प्रेमनगर के रहने वाले थे। उनकी मौत के बाद स्थानीय लोगों ने हंगामा किया। बाद में पुलिस ने लोगों को समझा–बुझाकर घर भेज दिया। इस दुखद हादसा का सबसे मर्मस्पर्शी पहलू यह है कि पिछले महीने ही रेलवे ने दीवार खड़ी कर क्षेत्र के लोगों की आवाजाही बंद कर दी थी। इसके बाद से लोग वैकल्पिक मार्ग और एफओबी बनाए जाने की मांग कर रहे थे। अगर शासन–प्रशासन ने सुरक्षित मार्ग दिया होता तो दोनों बच्चियों की जान बच सकती थी।

रेलवे पुलिस ने दोनों बच्चियों के शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिए हैं। लगभग छह–सात साल पहले भी दो बच्चियां स्कूल से घर लौटते समय ट्रेन की चपेट में आकर जान गंवा चुके हैं।

# दिल्ली में बेतहाशा बारिश से जलभराव का डर होगा खत्म, दोगुने से अधिक वर्षाजल का प्रबंधन का नया ड्रेनेज प्लान तैयार

RNI No. DELHIN/2011/40220, Postal No. G-3/DL(N)/267/2024-26, Date of Publication:- 18-09-2025




स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवम सम्पादक : वीरेन्द्र कुमार द्वारा आर.डी प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए–41, सैक्टर–8, नोएडा, यू.पी.–201301 से मुद्रित तथा डी–4, प्रथम तल, सैफवे हाऊस, सेन्ट्रल मार्किट, प्रशान्त विहार, दिल्ली–85 से प्रकाशित। नोट : न्यायालय सम्बन्धित सभी मामले दिल्ली में ही निपटाये जाएंगे। और लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है।